# लखनऊ से वाराणसी की सीधी उड़ान शुरू

## सप्ताह में पांच दिन होगा संचालन

लखनऊ। अमौसी एयरपोर्ट से वाराणसी के लिए एयर अलायंस एयरलाइन की ओर से डायरेक्ट फ्लाइट शुरू की गई है। यह मंगलवार व बृहस्पतिवार को छोड़कर हफ्ते के पांच दिन उड़ान भरेगी। फिलहाल, यह लखनऊ से वाराणसी की ओर ही है। वहां से इसे दूसरे डेस्टिनेशन के लिए रवाना कर दिया जाएगा। अमौसी एयरपोर्ट से वाराणसी जाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए इस उड़ान को शुरू करने का निर्णय लिया गया।

एयरलाइंस के अनुसार अमौसी एयरपोर्ट से यह फ्लाइट चार दिन शाम 6:55 बजे उड़ान भरकर शाम 7:55 बजे वाराणसी पहुंचेगी। वहीं, शनिवार को एक घंटे पहले शाम 5:55 बजे उड़ान भरेगी और 6:55 बजे वाराणसी पहुंचेगी। एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि अमौसी एयरपोर्ट से 28 घरेलू व आठ अंतरराष्ट्रीय सेवाएं संचालित हो रही हैं।

घरेलू में आगरा, अहमदाबाद, अमृतसर, बंगलूरू, मुंबई, कोलकाता, देहरादून, दिल्ली, गोरखपुर, गुवाहाटी, गोवा, हैदराबाद, इंदौर, चंडीगढ़, प्रयागराज, रांची, जयपुर, चेन्नई, नागपुर, पटना, पुणे, रायपुर, वाराणसी, किशनगढ़, श्रवास्ती, चित्रकूट, आजमगढ़ और अलीगढ़ की उड़ानें हैं। वहीं, अंतरराष्ट्रीय सेवाओं में अबूधाबी, दुबई, शारजाह, दम्मम, रियाद, जेद्दा, मस्कट, बैंकॉक तक फ्लाइट की सुविधा है। (माई सिटी रिपोर्टर)